भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3018

उत्तर देने की तारीख 12 मार्च, 2020

22 फाल्गुन, 1941 (शक)

स्टेडियम का निर्माण

3018. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामीः

श्री एस. वेंकटेशनः

श्री रमेश बिन्दः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में खेलों को बढ़ावा देने हेतु राज्य, जिला और ब्लॉक/ पंचायत स्तर पर स्टेडियमों का निर्माण करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस दिशा में आज की तिथि तक क्या प्रगति हुई है; और

(ग) विगत दो वर्षों के दौरान देश के ब्लॉक और पंचायत स्तर पर राज्य-वार आज की तिथि तक कितने स्टेडियमों का निर्माण हुआ है और मदुरई जिले सहित तमिलनाडु के कितने जिलों में ब्लॉक और पंचायत स्तर पर स्टेडियमों का निर्माण किया गया है/ निर्माण किया जाना प्रस्तावित है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : खेल राज्य का विषय होने के कारण देश में राज्य, जिला और ब्लॉक/ पंचायत स्तर पर स्टेडियमों के निर्माण की जिम्मेदारी संबंधित राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र सरकारों की होती है । केंद्रीय सरकार केवल उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । राज्य, जिला और ब्लॉक/ पंचायत स्तर पर स्टेडिया के निर्माण हेतु इस मंत्रालय में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । इस मंत्रालय ने पिछले दो वर्षों के दौरान तमिलनाडु सहित कहीं भी किसी नए स्टेडियम की मंजूरी नहीं दी है/ निर्माण नहीं किया है ।

****